# बंगाली कारीगर ने सराफा व्यापारी को लगाया 2 करोड़ रुपए का चूना

## पुलिस ने दर्ज किया अमानत में ख्यानत का मामला

**गाडरवारा, देशबन्धु।** आभूषण बनाने का काम करने वाला एक बंगाली कारीगर गाडरवारा के ज्वेलर्स का लगभग 200 ग्राम सोना लेकर फरार हो गया । सोने की कीमत करीब 1 करोड़ 92 लाख रुपए बताई गई है । यह सोना कारीगर को आभूषण बनाने के लिए दिया था7 पुलिस ने व्यापारी की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला जबलपुर कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज कर लिया है ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चावडी वार्ड गाडरवारा निवासी ज्वेलर्स पंकज सोनी अपनी दुकान के आभूषण बनाने का काम पिछले पांच छह सालों से जबलपुर में काम करने वाले ग्राम बाढनंदनपुर थाना खानकुल जिला हुगली पश्चिम बंगाल निवासी वरूण द्वारी से जेवर निर्माण करवाते थे । कुछ दिन पहले व्यापारी पंकज सोनी ने जेवर बनाने के लिए दो सौ ग्राम शुद्ध सोना वरुण द्वारी को दिया था।

गत 26 अप्रैल की शाम 7.45 बजे कॉल किया और आभूषण के बारे में पूछा तो उसने दूसरे दिन 27 अप्रैल की शाम को देने को कहा जब 27 की शाम को जब कॉल किया तो कॉल रिसीव नहीं किया।

व्यापारी ने उसकी जांच पड़ताल की तो वह 26 अप्रैल की शाम से अपने रूम से चला गया और मकान मालिक से कहकर गया कि दस बारह दिन में आऊंगा। अब उसका मोबाईल नंबर आउट आफ कवरेज बता रहा है।

वरूण द्वारी मुख्य रूप से जिला हुबली, गांव बाढनंदनपुर, पश्चिम बंगाल का रहवासी है। लिखित शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने धारा 316 दो बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया।

# जेवरात और नकदी की चोरी करने वाला गिरफ्तार



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सोने-चाँदी के आभूषण व नगदी 6000 रूपये नगदी चोरी करने वाला चोर 24 घंटे के अंदर थाना कोतवाली पुलिसने गिरफ्तार कर लिया और चोरी किया गया कुल 3 लाख रूपये का शतप्रतिशत मशरूका बरामद किया गया। इस मामले में 3 जून को राजेन्द्र छीपा पिता स्व.परषोत्तम छीपा, निवासी पटेरिया मोहल्ला, नरसिहंपुर ने रिपोर्ट कि थी कि 2 जून की रात्रि किसी अज्ञात चोर के व्दारा उनके घर में घुसकर सोने चाँदी के जेवर व नकदी रूपयों की चोरी की गयी है।

रिपोर्ट पर कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 433/2025 धारा 331 (4), 305 (ए) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अज्ञात चोर की पतासाजी हेतु जानकारियों को एकत्रित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप सूचना प्राप्त हुयी कि एक व्यक्ति गाँधी चौराहे के पास में सोने-चाँदी के जेवर बेचने की बात कर रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये उक्त संदेही को गिरिराज स्कूल के पास से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गयी जो संदेही ने अपना नाम आकाश उर्फ भूपेन्द्र पटैल पिता बिहारीलाल पटैल, उम्र 24 साल, निवासी निरंजन वार्ड, थाना कोतवाली, जिला नरसिहंपुर का होना बताया गया। पूछताछ पर आकाश उर्फ भूपेन्द्र पटैल के व्दारा उक्त चोरी की घटना को कारित करना तथा उक्त चोरी गये मशरूका को जमीन में गाडकर छुपा के रखना बताया जो उक्त आरोपी की निशादेही पर एक सोने का हार, एक चाँदी का कटडोरा, दो जोडी चांदी की पायल व नगदी 6000/- रूपये जप्त किये गये एवं आरोपी गिरफ्तार किया गया।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव चाटे, प्रधान आरक्षक सचिन तिवारी, प्रधान आरक्षक शेखर सेन, आरक्षक पंकज सिंह राजपूत, आरक्षक जितेन्द्र सिहं, आरक्षक प्रहलाद माधवे, आरक्षक रोहित चन्पुरिया की मुख्य भूमिका रही है।

## सार-समाचार

### नवागत जिला शिक्षा अधिकारी ने बैठक में दिए निर्देश

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस स्थानीय बीटीआई स्कूल में नवागत जिला शिक्षा अधिकारी एमएस खान द्वारा क्षेत्र के चीचली एवं साईखेड़ा ब्लॉक के संकुल प्राचार्यो की बैठक ली गई। बैठक का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती का पूजन कर किया गया तदोपरांत डीईओ श्री खान का स्वागत स्थानीय प्राचार्य सुनीता पटैल सहित अधिकारियो एवं शिक्षकों द्वारा किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री खान ने कहा कि नए सत्र में नामांकन पर विशेष ध्यान देते हुए उसे बढ़ाने की आवश्यकता है। पोर्टल पर नामांकन का कार्य भी साथ में चलता रहे जिससे की पेंडेंसी न दिखे। उन्होंने बैठक में कहा कि हमारा जिला बोर्ड परीक्षा परिणामो में इस वर्ष भी अव्वल रहा है। हम सभी नए सत्र में बेहतर नवाचारो के साथ बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। बैठक में रमसा एडीपीसी दीपक अग्निहोत्री ने कहा कि सभी साथी नये सत्र में लंबित कार्यों को जल्द पूर्ण करें। बैठक को बीईओ सीमा डोंगरे, नीलम मरावी, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या,बीआरसी डी के पटैल, संदीप स्थापक, जयमोहन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। बैठक में अनेक प्राचार्य उपस्थित रहे।

### नगर परिषद चीचली में केबिलीकरण हेतु मिली दस लाख की विधायक निधि

**गाडरवारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री क्षेत्रीय विधायक उदय प्रताप सिंह द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किये जा रहे हैं शहर सहित ग्रामीण अंचलों में विधायक निधि के माध्यम से विकास कार्य हो रहे हैं विकास कार्यों की श्रृंखला में कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह ने विधायक निधि से नगर परिषद चीचली में केबिलीकरण हेतु विधायक निधि से दस लाख रुपए जारी किए जाने हेतु अनुशंसा की है इसके साथ ही उन्होंने नगर परिषद चीचली को कार्य एजेंसी बनाया है।


### भूमिका और कोनक ने किया जिले का नाम रोशन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में सत्र 2024-25 से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्लील द्वारा एआइ, एआइ फिटनेस सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किये गये। इन दोनों कोर्सो में 08.08 विद्यार्थी प्रवेशित थे। आज आईआईटी दिल्ली से संचालित एआई और एआई फिटनेस सर्टिफिकेट कोर्स का रिजल्ट घोषित हुआ इसमें एआई के 8 में से 8 और एआई फिटनेस के 8 में से 7 छात्र पास हो गए। कोर्स में कु. भूमिका तिवारी ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं एआई फिटनेस में कु.कोनक तिवारी और प्रकृति राय ने प्रथम स्थाान प्राप्त किया इनका नाम मध्य प्रदेश में टॉप 10 में शामिल है ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आरबी सिंह सहित महाविद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। सभी सफल विद्यार्थियों को इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए मौका दिया जाएगा ।छात्रों की इस सफलता में डॉ.मनीष अग्रवाल, अजीत राय, डॉ.अभय राज साहू और संतोष अवस्थी की भूमिका रही।





# शनि मंदिर का फीडर बदलवाने की मांग



**गाडरवारा, देशबन्धु।** इन दिनों सोशल मीडिया पर टी द्वारा व्यवस्था सुधार हेतु मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को लिखा एक पत्र वायरल हो रहा है। जिसमें नगर की विद्युत उपभोक्ताओं ने किया इस अनुरोध किया है कि शनि मंदिर फीडर भी बदलवा दो।

कांग्रेस नेता मुकेश गुप्ता ने इस पत्र की प्रतिक्रिया में लिखा है कि जब से शनि मंदिर का फीडर बना है, जबसे गाडरवारा के लोग इससे होने वाली सप्लाई से जरूरत से ज्यादा परेशान है। आए दिन जब देखो जब इस फीडर की लाइन खराब हो जाती है। थोड़ी सी हवा में, या ज्यादा चलने में बिजली बंद हो जाती है तथा सुधार कर चालू हो जाता है। इसके कारण गाडरवारा के नागरिक जरूरत से ज्यादा परेशान है, बरसों से इसके लिए विद्युत मंडल के अधिकारियों, नेताओं से लगातार नगर की जनता गुहार लगा रही है। पिछले साल आश्वासन दिया था की बहुत जल्द इस शनि मंदिर कोचर रिसोर्ट के पास के फीडर से निजात मिलेगी। परंतु विद्युत मंडल के अधिकारी किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। कोरा आश्वासन देते आए हैं बहुत जल्दी इस पर सुधार कर हम इसे ठीक करेंगे, परंतु आज तक सुधार नहीं हो पाया।

लोगों का कहना है की मुख्यमंत्री तो मात्र कुछ घंटों के लिए आ रहे हैं और टीआई ने उनके कार्यक्रम को देखते हुए विद्युत लाइन ऊपर करने के लिए और केवल को सुधारने के लिए लेटर लिखा था और तुरंत मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी काम लग गये। जिसके तहत बिजली के पोल बदल रहे हैं तथा केवल लाइन बदल रहे है और इसे ऊंची ही कर रहे हैं। पूर्व में जब भी धार्मिक आयोजन होते हैं, धर्म प्रेमी जनता ने बार-बार गुहार लगाई थी परंतु विद्युत मंडल ने कभी इसको हल करने की कोशिश नहीं की।

नगर के नागरिकों ने टीआई से अनुरोध किया है कि नगर की जनता की ओर से, एक लेटर और लिख दे शनि मंदिर फीडर को भी बदलने के लिए आपके एक पत्र से यह नगर की समस्या हल हो सकती है। ताकि इस समस्या से हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाए।

# सड़क नाली निर्माण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**गाडरवारा, देशबन्धु।** स्थानीय विवेकानंद वार्ड स्थित गोकुलधाम कॉलोनी के निवासियों द्वारा शुक्रवार को मुख्य नगरपालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मांग की गई है कि हम समस्त कॉलोनी वासी नगरपालिका में विधिवत टैक्स जमा कर रहे हैं वही हमारी कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ भी उपलब्ध नहीं है ।

यहां अभी तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है और ना ही नाली का निर्माण यहाँ स्वच्छ एवं साफ पीने के जल की उपलब्धता भी नहीं है । बरसात के समय यहां कीचड़ से दलदल जैसा माहौल निर्मित हो जाता है । ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि शीघ्र ही गोकुलधाम कॉलोनी में सड़क, नाली निर्माण एवं पीने के पानी की व्यवस्था की जाये ।

ज्ञापन सौंपने वालों में सत्यम पटेल के अलावा गोकुलधाम कॉलोनी के निवासी शामिल रहे ।

# मूंग खरीदी नहीं होने से किसानों में बढ़ रहा है असंतोष




## कांग्रेस ने रैली निकाल किया विरोध प्रदर्शन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मूंग एवं उडद की फसल को अतिशीघ्र समर्थन मूल्य पर खरीद किये जाने एवं बिजली की समस्या को लेकर कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में किसानों ने मुशरान पार्क से लेकर नरसिंह भवन कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश और केंद्र सरकार को किसान विरोधी बताया। यहां पर राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सोपा गया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान अनेक कांग्रेस नेताओं ने सरकार को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि आज उपज के दाम कम मिल रहे हैं और लागत बढ़ती जा रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत ने कहा कि किसान तपती धूप में खेतों में पसीना बहाकर मूंग एवं उडद की फसल को तैयार किया है, हर दाने में किसान के परिवार की उम्मीदे, बच्चों की पढ़ाई की मुस्कान, बेटी की शादी, बुर्जुगों की दवा एवं परिवार का समस्त खर्च जुड़ा हुआ है। वर्तमान में 50 प्रतिशत फसल खेतों से कटकर किसानों के घर पहुंच गई है, लेकिन शासन द्वारा अभी तक समर्थन मूल्य में खरीदी की किसी भी प्रकार की औपचारिक घोषणा नही हुई है। इस किसान आंदोलन के सूत्रधार वरिष्ठ कांग्रेस नेता लाखन सिंह पटेल ने कहा कि अगर समर्थन मूल्य में मूंग व उडद की खरीदी नही हुई तो% किसान बड़े घाटे में जायेगा क्योंकि वर्तमान में खाद, बीज, दवाई, मजदूरी और अन्य सभी लागतें आसमान छू रही है।

किसान को प्रति एकड में 28 से 30 हजार रूपये की लागत लग रही है। बाजार मूल्य से तुलना की जाये तो मूंग 6500 रूपये प्रति क्विंटल एवं उडद 5000 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी हो रही है जिससे किसानों को प्रति एकड़ 7 से 8 हजार रूपये बड़ी मुश्किल से प्राप्त हो रहा है जो एक दैनिक मजदूर की मजदूरी से भी कम है शासन द्वारा खेती को लाभ का धंधा बनाने एवं किसान की आय को दोगुनी करने की बात काल्पनिक नजर आ रही है। श्री पटेल ने आरोप लगाया कि बिजली की समस्या भी परेशानी का कारण बनी हुई है।

ज्ञापन में राज्यपाल से मांग की गई है कि गंभीरता से लेते हये समर्थन मूल्य में खरीदी का आदेश किया जाये एवं विद्युत कटौती चरम पर है, आये दिन घण्टों अघोषित बिजली कटौती की जा रही है जिससे आमजन बेहद परेशान है इस समस्या का भी निदान किया जाए। उक्त मौके पर पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, शैलेंद्र सिंह राजपूत जनपद अध्यक्ष, भगवत सिंह जाट बड्डू भैया , नीलू राय, ,ब्लॉक अध्यक्ष नरसिंहपुर अमित राय गोलू, ब्लॉक अध्यक्ष करेली राम रतन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष नरसिंहपुर ग्रामीण प्रताप गुमास्ता, कंछेदी पटेल जनपद उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य अरविंद पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष कारक बिल अरविंद पटेल, बॉबी खान , मुकेश कटारे ,अस्सु नेमा,काजल सोनेलाल, संतोष शुक्ला, देवेंद्र शुक्ला, धनीराम पटेल, डॉ राजकुमार नेमा,प्रमेश फरसोइया, भूपेंद्र शर्मा, अमित शर्मा, ठाकुर कपिल सिंह, विशाल ठाकुर नितिन गोयल,लोकेश पटेल, दीपचंद्र साहू ,रफीउद्दीन , अजय दुबे , अनिल राय, रोहित पटेल, अतुल चौरसिया, अभय राय, विशाल ठाकुर ,नितिन गोयल, बृजमोहन चौकसे, जितेंद्र रघुवंशी, जितेंद्र लोधी के अलावा कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

## मूंग और उड़द को समर्थन मूल्य पर खरीदने की मांग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन



**गाडरवारा, देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गाडरवारा साईखेड़ा,चीचली ने संयुक्त रूप से किसानों के समर्थन में शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार अनुश जैन को सौपा । पलोटन गंज मे सेकड़ो कांग्रेसजन एकत्रित हुए और मध्य प्रदेश सरकार का विरोध करते हुए जुलूस के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे वहा मूंग की फसल जमीन पर रखकर जमकर नारेबाजी करते हुए चिमनी विजना हाथों में रखकर अनोखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया ।

कांग्रेस नेताओ ने कहा कि किसानो की मूंग एवं उड़द की फसल को समर्थन मूल्य में जल्द से जल्द खरीदी जाए। किसानो की फसल कटने लगी है लेकिन अभी तक शासन द्वारा फसल को समर्थन मूल्य में खरीदने की कोई भी आधिकारिक घोषणा नहीं की है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि किसानो की मूंग-उडद फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने एवं घोषित विद्युत कटोती बंद की जाए। विद्युत विभाग द्वारा पूरे क्षेत्र में अघोषित विद्युत काटी जा रही है वही दूसरी ओर किसानो के अनाप-शनाप बिलों से क्षेत्र का किसान पहुत परेशान है अधिक विद्युत कटोती के चलते किसानो की फसले बिना पानी के खराब हो जाती है जिससे किसानो को लाखों का नुकसान उठाना पडता है। अब इन किसानो की मूंग- उडद की फसल कटने को है और कई किसानो की फसले कट गई है लेकिन अभी तक किसानों की फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने के लिए आज दिनांक तक कोई भी आधिकारिक घोषणा नही हुई है इस की हम सभी कांग्रेस जन घोर निंदा करते है। इन किसानो के बारे में सोचने बाला कोई नही है किसानों की आय को दुगना करने एवं खेती को लाभ का धंधा बनाने की बात सिर्फ जुमला समझ आ रही है। अत: आपसे निवेदन है कि एक सप्ताह के भीतर किसानों की मूंग-उडद को समर्थन मूल्य पर खरीदने की प्रक्रिया शुरु की जाए एवं अघोषित विद्युत कटोती को बंद कर अनाप-शनाप बिलों को संशोधित करें नही तो हम सभी कांग्रेसजन किसानो के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करने के लिए वाध्य होगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रसाशन की होगी । विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जन नारे लिखे हुए फ्लेक्स जैकेट पहने हुए नजर आए । ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गाडरवारा जिनेश जैन , ब्लॉक कांग्रेस सांइखेड़ा अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, चीचली ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छोटे राजा कौरव के आव्हान पर ज्ञापन दिया गया । विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुनीता पटेल, पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम पटेल, प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी मनीष राय, दीवान शैलेंद्र सिंह, अभिनव ढिमोले, जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव सहित युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल, आईटी सेल के कार्यकर्ता, सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । ज्ञापन का वचन पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बसंत तपा आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सतीश सैनी ने किया।

# समर्थन मूल्य पर खरीदी जाए मूंग, जांच रिपोर्ट को किया जाए सार्वजनिक



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी एवं किस जांच प्रक्रिया में जहरीली पाई गई उसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि किसानों की ग्रीष्मकालीन फसल उड़द एवं मूंग आ चुकी है जिसका उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में काफी कम हुआ है उसके बाद भी कृषि उपज मंडियों में1000 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक प्रति क्विंटल तक कम बिक रही है जिससे किसानों को भारी नुकसान होने की संभावना है किसानों को उम्मीद थी कि मूंग उड़द की फसल समर्थन मूल्य पर बेचकर होने वाले नुकसान को काफी काम किया जा सकता है लेकिन मध्य प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त वर्णवाल द्वारा हाल ही में मूंग ना खरीदने के दिए गए बयान से किसानों में निराशा का माहौल बना हुआ है मूंग ना खरीदने का कारण उक्त फसल को जहरीला बताया जा रहा है। उक्त जांच किस लैब में करवाई गई उसकी जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जावे तथा फसलों में उपयोग करने वाले खाद व कीटनाशक किसान स्वयं नहीं बनता है। मान्यता प्राप्त खाद व कीटनाशकों का प्रयोग ही फसलों पर किया जाता है फिर ग्रीष्मकालीन फसल जहरीले कैसे हो गई। सरकार इस फैसले पर पुन: विचार करते हुए किसान हित में ग्रीष्मकालीन उड़द मूंग की समर्थन मूल्य पर खरीदी करे अन्यथा भारतीय किसान संघ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगा।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र
अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल
Sara Group of Institutions

प्रवेश प्रारंभ

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883